Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 01 जनवरी, 2022

पढ़े भारत अभियान

केंद्रीय शिक्षामंत्री धमेन्द्र प्रधान आज से सौ दिन के अभियान - पढ़े भारत का शुभारंभ करेंगे। इस अभियान मे बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों, समुदाय और शैक्षिक प्रशासन सहित सभी हितधारकों को राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर शामिल किया जाएगा। इसका उददेश्य विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाना है। अभियान के तहत बच्चों में रचनात्मकता, विचिनात्मकता, शब्दावली और मौखिक तथा लिखित रूप से अभिव्यक्ति की योग्यता विकसित की जाएगी। इसे बच्चों को अपनी परिस्थितियों और वास्तविक जीवन की यथार्थता समझने में मदद मिलेगी। बाल बाटिका के स्तर से लेकर 8वीं कक्षा तक के बच्चों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। इस दौरान पढ़ाई को रूचिकर और आनंदमय बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रत्येक समूह के लिये प्रति सप्ताह एक कार्यक्रम तैयार किया गया है। बच्चे इसे शिक्षकों, माता-पिता, भाई- बहन या परिवार के अन्य सदस्यों की सहायता से कर सकेंगे। यह अभियान अगले वर्ष दस अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।

मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय

प्रधानमंत्री द्वारा मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी गई। यह विश्वविद्यालय मेरठ के सरधना कस्बे में सलावा और कैली गांवों में स्थापित किया जा रहा है। इसके निर्माण पर लगभग 700 करोड़ रुपए का खर्च आने का अनुमान है। खेल विश्वविद्यालय में सिंथेटिक हॉकी मैदान, फुटबॉल मैदान, बास्केट बॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी मैदान, लॉन टेनिस कोर्ट, जिमनास्टिक के लिये हॉल, दौड़ के लिये सिंथेटिक स्टेडियम, स्विमिंग पूल तथा साइक्लिंग के लिये ट्रैक सहित खेलों के आधुनिक बुनियादी ढाँचे की व्यवस्था होगी। विश्वविद्यालय में निशानेबाजी, स्क्वॉश, भारत्तोलन, तीरंदाजी तथा कई अन्य खेल सुविधाएँ भी होंगी। विश्वविद्यालय में 540 महिलाओं और 540 पुरूष खिलाड़ियों सहित एक हज़ार 80 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। प्रधानमंत्री, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा देश के सभी भागों में खेलों के लिये विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे स्थापित करने पर ध्यान दे रहे हैं। मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय की स्थापना, उनकी इस परिकल्पना को पूरा करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

विनय कुमार त्रिपाठी

विनय कुमार त्रिपाठी को रेलवे बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने इसकी मंजूरी दे दी है। श्री त्रिपाठी वर्तमान में उत्तर-पूर्व रेलवे ज़ोन के महाप्रबंधक हैं। त्रिपाठी ने रुड़की से बीटेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) किया और 1983 के इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स (आईआरएसईई) बैच से रेलवे में आए। उनकी पहली तैनाती उत्तर रेलवे में सहायक विद्युत अभियंता के रूप में हुई थी। मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद, मुख्य विद्युत लोकोमोटिव इंजीनियर, अतिरिक्त महाप्रबंधक, पश्चिम रेलवे और रेलवे बोर्ड में अतिरिक्त सदस्य/ट्रैक्शन जैसे कई महत्त्वपूर्ण पदों पर रहे। उन्होंने स्विट्जरलैंड और अमेरिका में उच्च प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। श्री त्रिपाठी ने अत्याधुनिक तीन चरण वाले इंजनों को सेवा में शामिल करने और उनके स्वदेशीकरण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो अब भारतीय रेलवे में सेवा में हैं। वह 1982 बैच के आईआरएसएमई अधिकारी सुनीत शर्मा का स्थान लेंगे।

अंडर-19 एशिया कप

भारत ने अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट का खिताब जीत लिया है। आज दुबई में हुए फाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 9 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम ने 9 विकेट पर 106 रन बनाए। बारिश से बाधित मैच में डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर मैच 38 ओवर का कर दिया गया और भारतीय टीम ने 102 रन के संशोधित लक्ष्य को 21 ओवर और तीन गेंद में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। श्रीलंका के लिये यासिरु रोड्रिग्ज ने सबसे अधिक 19 रन बनाए। उनके अलावा रवीन डि सिल्वा ने 15 और सादिशा राजपक्षे-मथीसा पथीरना ने 14-14 रन बनाए। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। टीम इंडिया के लिये विक्की ओस्तवाल और कौशल तांबे ने बढ़िया गेंदबाजी की। विक्की ने 8 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि कौशल ने 6 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-01-january-2022